राष्ट्रवादी दैनिक
उत्तम हिन्दू
हमें है विश्वास, रचेंगे इतिहास

ताशी ग्रुप द्वारा गुड़गांव के सेक्टर 111 में '' कैपिटल गेटवे'' ग्रुप हाउसिंग परियोजना की पेशकश की

नई दिल्ली, गुड़गांव/हिन्दू

ताशी ग्रुप, रीयल एस्टेट सेक्टर में सबसे पंसदीदा नामों में से एक तथा अपनी पारदर्शिता, ईमानदारी और एकीकरण के लिए प्रसिद्ध कंपनी, द्वारा हाल ही में अपनी मौजदा ग्रुप हाउसिंग परियोजना ''कैपिटल गेटवे'' की पेशकश की गई है। यह परियोजना गुड़गांव के सेक्टर 111 में है, जोकि 10.46 एकड़ के क्षेत्र में फैली हुई है। शानदार परिवेश में स्थित कैपिटल गेटवे खूबसूरती से तैयार बुमंजिला इमारतों में 2,3 और 4,5 बीएचके के लग्जरी अपार्टमेंट की पेशकश करता है। सर्वश्रेष्ठ से प्रेरित ग्रुप हाउसिंग द्वारा शानदार सुविधाओं, मनोरंजक गतिविधियों, उत्कृष्ट आवासीय विकल्पों और बेहतरीन निजता की पेशकश की गई है। दिल्ली के पास स्थित ''कैपिटल गेटवे'' गुड़गांव में सबसे सुविधाजनक स्थानों में स्थित है। द्वारका से सटे कैपिटल गेटवे से इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और डिप्लोमेटिक एनक्लेव पांच मिनट में पहुंचा जा सकता है। एनएच-8 से 10 मिनट की दूरी पर स्थित कैपिटल गेटवे आपको अदभुत सुविधा की पेशकश करेगा। आठ लेन और 150 मीटर चौड़े द्वारका एक्सप्रेसवे, गोल्फ कोर्स रोड और मेट्रो स्टेशन सभी 1 किलोमीटर की दूरी पर हैं। यह रीटेल, शॉपिंग सेंटर्स और स्कूलों , रेलवे स्टेशनों और अस्पतालों जैसी आवश्यक सेवाओं से बहुत नजदीक है। कैपिटल गेटवे आपको कार्य एवं जिंदगी के बीट उचित संतुलन प्रदान करेगा। यही नहीं, यहां एंटरटेनमेंट पार्क ''अप्पू घर'' और भव्य गोल्फ कोर्स के लिए प्रस्तावित योजना है। यह परियोजना से कुछ किलोमीटर की दूरी पर ही हैं। इस अनूठी ग्रुप हाउसिंग परियोजना को आधारभूत ढांचे में नवीनतम सुविधाओं के साथ डिजाइन एवं सुसज्जित किया गया है।

इसमें केन्द्रीकृत सुरक्षा तंत्र, विशिष्ट अत्याधुनिक क्लब हाउस, इंडोर स्पोर्ट्स गतिविधियां, आउटडोर खेल गतिविधियां, रोजमर्रा की जरूरतों के लिए स्टोर औ हाई स्पीड एलीवेटर्स, फुल पॉवर बैकअप, पर्याप्त कवर्ड कार पार्किंग इत्यादि जैसी अन्य खूबियां भी मौजूद हैं।